CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 320 ▫ रायपुर, सोमवार 15 दिसम्बर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98


### सेनेटरी पेड पर कौशिक ने घेरा सरकार को

# स्कूलों में सेनेटरी पेड वेंडिंग मशीनें खराब

### बेरोजगारी भत्ता के मुद्दे पर सदन में मचा हंगामा, मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने किया वॉकआउट





**रायपुर,** 15 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने स्कूल-कॉलेजों में लगे सैनेटरी नैपकिन, वेडिंग मशीन और डिस्पोजल करने वाली इंसीनरेटर मशीन से जुड़ा मामला उठाया. भाजपा विधायक ने मशीनों के काम करने की जानकारी देते हुए मंत्री से जांच कराने की मांग की. इस पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जांच कराने की बात कही। सदन में स्कूलों में स्थापित मशीनों के सत्यापन और एजेंसियों के नाम और तारीख पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े घिर गईं. भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा कि मशीनें संचालित नहीं है. इस मामले की जाँच कराई जाए. इस पर मंत्री राजवाड़े ने कहा कि 1600 मशीनें ठीक है, 1300 मशीनें खराब है. फिलहाल, विभाग से ऐसी कोई जानकारी नहीं है. इस पर विधायक ने कहा कि मेरे क्षेत्र के दो स्कूलों की जाँच करा लीजिए. मंत्री ने कहा कि जाँच करा लेंगे.

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन बेरोजगारी भत्ता के मुद्दे पर हंगामा मच गया. पक्ष-विपक्ष के बीच जमकर नारेबाजी के बीच मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने प्रश्नकाल में बेरोजगारों का मुद्दा उठाया. उन्होंने पूछा कि 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में प्रदेश में पंजीकृत बेरोजगारों की कुल संख्या कितनी है? जवाब में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि 1 अप्रैल 2024 तक की स्थिति में 11 लाख 39 हजार 656 पंजीकृत बेरोजगार हैं। मंत्री के जवाब में बेरोजगारों को रोजगार इच्छुक बताया गया. मंत्री ने कहा कि बरोजगारों के लिए रोजगार मेला, प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है. अभी की स्थिति में करीब 15 लाख के आसपास पंजीकृत बेरोजगार हैं. मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि बहुत जल्द राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित होगा, जिसमें एक साथ 14 हजार से ज्यादा लोगों को हम रोजगार देंगे.

कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने सवाल किया कि क्या प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है. इस पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि हमलोग युवाओं को सक्षम बना रहे हैं. इस पर विधायक ने सवाल किया कि युवाओं को योजना का लाभ कब देंगे? इसके साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुझे विधानसभा से जवाब में मिला है कि ये योजना बंद नहीं हुई है, फिर योजना का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा, कब बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा? इस पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा- हम युवाओं को सक्षम और सामर्थ्यवान बना रहे हैं। भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार ने बजट में योजना के तहत प्रावधान किया है लेकिन दे नहीं रही, ये युवाओं के साथ धोखा है. इसके साथ सदन में पक्ष-विपक्ष में नोक-झोंक शुरू हो गई. आखिरकार मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने वॉकआउट किया।

### लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष शिवराज पाटिल को श्रद्धांजलि

छत्तीसगढ़ विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष शिवराज पाटिल के निधन की सूचना स्पीकर डॉ रमन सिंह ने सदन को दी। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने चर्चा के दौरान उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए इसे देश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया। इसके पश्चात सभी सदस्यों ने खड़े होकर दिवंगत नेता को दो मिनट के लिए श्रद्धांजलि दी। अंत में स्पीकर डॉ रमन सिंह ने दिवंगत नेता के सम्मान में सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

■ छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र- भाजपा विधायक कौशिक ने कहा- काम नहीं कर रहे स्कूलों में लगे सैनेटरी नैपकिन-वेंडिंग मशीन, मंत्री राजवाड़े का जवाब- कराएंगे जांच

### भूपेश बघेल ने लगाया आरोप, 'सरकार सिस्टम को बर्बाद कर निजी हाथों में सौंपने का रच रही है षड़यंत्र'



धान खरीदी पर गरमाया सदन

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन विपक्ष धान खरीदी की अव्यवस्था पर स्थगन प्रस्ताव लेकर आया. आसंदी ने ग्रहिता पर चर्चा की अनुमति देने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अव्यवस्था से लगता है कि सरकार की मंशा धान खरीदने का नहीं है. सरकार सिस्टम को बर्बाद कर निजी हाथों में सौंपने का षडयंत्र कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अगर ग्राह्य कर चर्चा कराते तो सत्तापक्ष के सदस्यों को भी बोलने का मौका मिलता, और सरकार की ओर से इस पर जवाब आता. उन्होंने कहा कि धान खरीदी से जुड़े समिति के प्रबंधक, कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर चले गए हैं. सरकार उनकी मांगे मानने के बजाय उन्हें जेलों में ठूस रही है, उन पर कार्रवाई कर रही है. पंजीयन में समस्या आई, वन अधिकार पट्टा वाले किसानों का पंजीयन नहीं हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन नहीं कट रहा है. कई लोगों के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं, कई लोग चॉइस सेंटर का चक्कर लगा रहें हैं. महासमुंद के किसान मनबोध ने अपना गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया. उनकी कोई सुध लेने वाला नहीं है। भूपेश बघेल ने कहा कि धान खरीदी केंद्र से सीधे धान उठाने वाले नहीं हैं. धान खरीदी केंद्र से संग्रहण केंद्र ले जा रहे हैं, और आरओ फरवरी में कटेंगे. इस अव्यवस्था से लगता है कि सरकार की मंशा धान खरीदने का नहीं है. पिछले साल के धान खरीदी का उठाव नहीं हो पाया. सरकार इस पूरे नाकामी के लिए जिम्मेदार है. सरकार सिस्टम को बर्बाद कर निजी हाथों में सौंपने का षडयंत्र कर रही है.

# खत्म होगा मनरेगा

### ग्रामीण रोजगार पर नया कानून लाने की तैयारी में मोदी सरकार

**नई दिल्ली,** 15 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) को निरस्त करने के लिए संसद में एक विधेयक पेश किए जाने की संभावना है। एमजीएनआरईजीए ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष 100 दिनों के मजदूरी रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान करता है। इसके बदले में एक नया कानून - विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) - लाया जाएगा। नए विधेयक में कार्यदिवसों की मौजूदा संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है।

सांसदों को दी गई प्रस्तावित बिल का कॉपी

सरकार ने सोमवार को लोकसभा सदस्यों के बीच वह विधेयक प्रसारित किया, जिसका उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है। विधेयक की प्रति के अनुसार, इसमें संसद में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (ग्रामीण विकास मिशन) विधेयक, 2025 को प्रस्तुत करने और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 को निरस्त करने का प्रावधान है। इस विधेयक का उद्देश्य विकसित भारत 2047 की राष्ट्रीय परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है, जिसके तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उन सभी ग्रामीण परिवारों को एक सौ पच्चीस दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं; ताकि एक समृद्ध और लचीले ग्रामीण भारत के लिए सशक्तिकरण, विकास, अभिसरण और संतृप्ति को बढ़ावा दिया जा सके।

### बालोद में बड़ा हादसा, कार सवार 2लोगों की मौत


**बालोद,** 15 दिसंबर (हाईवे चैनल)। जिले के डौंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत डौंडी के पास एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जहां कार और ट्रक की जोरदार भिड़ंत में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।यह हादसा इतना भयावह था कि टक्कर के बाद कार के परखच्चे उड़ गए और वाहन सड़क से कई फीट दूर जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना देर शाम के समय हुई, जब तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे ट्रक से सीधे टकरा गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डौंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को पहले डौंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए उन्हें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं हादसे में जान गंवाने वाले दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार मृतकों और घायलों की पहचान की प्रक्रिया जारी है और उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना मानी जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### कांग्रेस की रैली में हुआ पीएम मोदी का अपमान! सोनिया गांधी को मांगनी चाहिए माफी : नड्डा

**नई दिल्ली,** 15 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पार्टी के नेताओं द्वारा की गई टिप्पणियों के लिए सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी जी को कल कांग्रेस की रैली में पीएम मोदी के खिलाफ लगाए गए नारों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। कल की कांग्रेस रैली में पीएम मोदी के खिलाफ नारे लगाए गए। यह कांग्रेस पार्टी की सोच और मानसिकता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी बातें कहना निंदनीय है। सोनिया गांधी जी को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

इस बीच, लोकसभा में किरेन रिजिजू ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की एक रैली में कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने के नारे लगाए। उन्होंने इसे भारत के लिए बेहद दुखद समय बताया कि कांग्रेस की पुरानी पार्टी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर रही है। रिजिजू ने कहा, रैली में कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद थे और प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने के नारे लगाए गए। कांग्रेस की सहयोगी समाजवादी पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने इस टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया। समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने कहा कि हमारे राजनीतिक मतभेद भले ही हों, लेकिन संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के बारे में बोलते समय हमें संयम बरतना चाहिए।




चूहा- सुनती हो, बिहार के मंत्री नितीन नबीन भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए हैं।

चुहिया- हां जी, भाजपा में तो अध्यक्ष तय ही नहीं हो पा रहा है..!

# एनएसयूआई प्रदेश महासचिव नागपुर से गिरफ्तार



कॉलेज में हुए बवाल के बाद से था फरार

**दुर्ग,** 15 दिसंबर (हाईवे चैनल)। भिलाई स्थित कल्याण कॉलेज में हुए उपद्रव के मामले में फरार चल रहे एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आकाश कनौजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आकाश कनौजे की गिरफ्तारी नागपुर से की गई, जिसके बाद उसे दुर्ग लाकर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। दरअसल, कल्याण कॉलेज में प्रिंसिपल ऑफिस में घुसकर कार्यालयीन पेपर को नुकसान पहुंचाने और नेम प्लेट पर स्याही फेंकने, प्रिंसिपल को जूते की माला पहनाने के मामले में आकाश कनौजे सहित 06 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसके बाद पूर्व में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि पिछले दिनों एनएसयूआई के छात्र नेताओं ने कल्याण कॉलेज पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया था। इतना ही नहीं, प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा के साथ धक्का-मुक्की करते हुए उन्हें जूते की माला पहनाने की भी कोशिश की गई। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आकाश कनौजे और उसके साथियों ने शासकीय दस्तावेजों पर स्याही डालकर अति महत्वपूर्ण दस्तावेजों को नुकसान पहुंचाया और कागजात भी फाड़ दिए। जिसको देखते हुए कल्याण कॉलेज प्रबंधन की तरफ से शासकीय कार्य में बाधा और स्याही फेंकने के मामले में एनएसयूआई के आकाश कनौजे समेत 06 लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिस पर दुर्ग पुलिस ने विवेचना करते हुए 02 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद से ही आकाश कनौजे फरार चल रहा था। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि आकाश कनौजे नागपुर में देखा गया है। पुलिस की एक टीम नागपुर पहुंची और आकाश कनौजे को नागपुर से गिरफ्तार कर दुर्ग लाया गया।

# हादसे में शिक्षक की मौत के बाद ग्रामीणों का भड़का आक्रोश



जिला अस्पताल का किया घेराव

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,** 15 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। जिले में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे के बाद इलाके में हालात तनावपूर्ण हो गया है। खुज्जी डेम के पास हुए हादसे में शिक्षक जयराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आज सुबह से घटना के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिला अस्पताल का घेराव कर दिया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि हादसे के बाद जिला अस्पताल में समय पर इलाज नहीं मिला और मौके पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था, जिससे घायल को समय पर इलाज नहीं मिल सकी और उसकी मौत हो गई। साथ ही जिस 300 वाहन से हादसा हुआ, उसके चालक के खिलाफ पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षक जयराम अपने दो बच्चों के साथ मीना बाजार गौरेला से घर लौट रहे थे। इसी दौरान खुज्जी डेम के पास रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार XUV 300 कार ने तीनों को चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयावह था कि जयराम के पैर कटकर अलग हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें कार से बाहर निकाला गया और घायल अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि कार चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था, बावजूद इसके पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। मौके पर पुलिस बल तैनात है और हालात को संभालने की कोशिश की जा रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा पर रवाना



यात्रा में जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान शामिल

**नई दिल्ली,** 15 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा पर रवाना हुए -- ये ऐसे देश हैं जिनके भारत के साथ सभ्यतागत संबंध और बेहतरीन द्विपक्षीय रिश्ते हैं। इन देशों के भारत के साथ सभ्यतागत संबंध और असाधारण द्विपक्षीय संबंध हैं। प्रधानमंत्री ने प्रस्थान से पहले एक बयान में कहा, ''सबसे पहले, मैं महामहिम राजा अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन के निमंत्रण पर जॉर्डन की यात्रा करूंगा। यह ऐतिहासिक यात्रा हमारे दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है।'' पीएम मोदी जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन और प्रधानमंत्री जाफर हसन के साथ विस्तृत चर्चा करेंगे और क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला से भी मुलाकात करेंगे। इथियोपिया की अपनी पहली यात्रा में प्रधानमंत्री संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे और ''लोकतंत्र की जननी'' के रूप में भारत की यात्रा और भारत-इथियोपिया साझेदारी 'ग्लोबल साउथ' के लिए किस तरह फायदेमंद हो सकती है, इस पर अपने विचार साझा करेंगे। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अल्प विकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। मोदी इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली से भी बातचीत करेंगे और भारतीय प्रवासी समुदाय से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''अपनी यात्रा के अंतिम चरण में, मैं ओमान सल्तनत की यात्रा करूंगा। मेरी यह यात्रा भारत और ओमान के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने के मौके पर हो रही है।'' मस्कट में वह रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के साथ-साथ मजबूत वाणिज्यिक और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए ओमान के सुल्तान के साथ चर्चा करेंगे। मोदी ने कहा, ''मैं ओमान में रहने वाले भारतीय प्रवासियों की एक सभा को भी संबोधित करूंगा, जिन्होंने देश के विकास और हमारी साझेदारी को मजबूत करने में बहुत बड़ा योगदान दिया है।

# भाजपा के नए बॉस नितिन नबीन की संपत्ति का खुलासा



2025 के दस्तावेजों में किया था जिक्र

**नई दिल्ली,** 15 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। नितिन नबीन अब जेपी नड्डा की जगह पार्टी की कमान संभालेंगे। इस बीच उनकी संपत्ति का विवरण सामने आया है। हलफनामे के मुताबिक, उनकी जेब में मौजूद नकदी बेहद सीमित है, लेकिन बैंक खातों, बीमा पॉलिसियों और चल-अचल संपत्तियों को मिलाकर उनकी कुल संपत्ति करोड़ों में पहुंच चुकी है।

बीमा निवेश की बात करें तो नितिन नबीन के नाम एक ।छ्रस्न्रष्ट और तीन स्ढ्ढष्ट की जीवन बीमा पॉलिसियां दर्ज हैं। इनमें एक पॉलिसी 2 लाख रुपये की है, दूसरी 90 हजार रुपये की और दो अन्य पॉलिसियां 50-50 हजार रुपये की हैं। इसके अलावा हलफनामे में 64 हजार रुपये की सोने की अंगूठी और 76 हजार रुपये की सोने की चेन का भी उल्लेख है। चल संपत्ति में उनके पास करीब 25 लाख रुपये की इनोवा क्रिस्टा और लगभग 13 लाख रुपये की स्कॉर्पियो शामिल है। हालांकि संपत्ति के साथ-साथ देनदारियां भी हैं। हलफनामे के अनुसार नितिन नबीन पर 56 लाख रुपये से ज्यादा का कर्ज दर्ज है। 12वीं तक पढ़े नितिन नबीन की कुल संपत्ति अब 3 करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। उम्र 45 साल बताई गई है और उनके खिलाफ पांच आपराधिक मामलों का भी जिक्र हलफनामे में मौजूद है।

नितिन नबीन की आर्थिक स्थिति में समय के साथ बड़ा बदलाव देखने को मिला है। 2010 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले उनकी कुल संपत्ति करीब 6 लाख रुपये थी और देनदारी लगभग 1 लाख रुपये। 2015 में यह आंकड़ा तेजी से बढ़ा—तब उनकी संपत्ति 1 करोड़ 44 लाख रुपये से ज्यादा हो गई, जबकि देनदारियां 10 लाख रुपये तक पहुंच गईं। 2020 के चुनाव में उनकी संपत्ति बढ़कर 1 करोड़ 72 लाख रुपये हो गई और देनदारियां घटकर सिर्फ 24 हजार रुपये रह गईं। अब 2025 में उनकी कुल संपत्ति 3 करोड़ रुपये के पार पहुंच चुकी है, जबकि देनदारियां 56 लाख रुपये से ज्यादा दर्ज की गई हैं। दिलचस्प बात यह है कि 2020 के चुनाव के समय भी उनके खिलाफ पांच आपराधिक मामले दर्ज थे।

CMYK